कलेक्टर ने पंचायत पहुंचकर कराई ई-केवाईसी

ईकेवाईसी शिविरों का किया गया निरीक्षण

कलेक्टर ने दिए पंचायतों को विशेष निर्देश

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

ग्रामीण आबादी क्षेत्र में निवास करने वाले पात्र संपत्ति धारकों को उनकी संपत्तियों का वैधानिक स्वामित्व प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। टीकमगढ़ जिले की समस्त तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ईकेवाईसी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसीक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत कुंडेश्वर, गणेशगंज, पहाड़ी तिलवारन, अस्तोन एवं कर्माराई में लगाए जा रहे ईकेवाईसी शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने शिविरों में की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं पटवारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को एक जगह एकत्रित कर उनकी समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर, स्वामित्व अधिकारों का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण आबादी क्षेत्र में निवास करने वाले पात्र संपत्ति धारकों तक योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए तथा ईकेएवाईसी एवं संबंधित प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

उन्होंने ग्रामीणों को योजना की प्रक्रिया की जानकारी देने और उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसी अभियान की जमीनी स्थिति देखने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाए गए ई-केवाईसी शिविरों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कुंडेश्वर, गणेशगंज, पहाड़ी तिलवारन, अस्तोन एवं कर्माराई ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शिविरों की व्यवस्थाओं और वहां चल रही कार्यवाही की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पटवारियों से स्वामित्व योजना के तहत अब तक की गई कार्यवाही और ई-केवाईसी की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

ग्रामीणों की समस्या का करें समाधान

उन्होंने संबंधित अमले से कहा कि शिविरों में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा दस्तावेज या प्रक्रिया से संबंधित किसी परेशानी का मौके पर ही यथासंभव समाधान किया जाए।

योजनाओं से वंचित नहीं रहें ग्रामीण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर स्वामित्व योजना के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य, ई-केवाईसी प्रक्रिया और आगे की कार्यवाही के बारे में सरल भाषा में समझाया जाए, जिससे पात्र संपत्ति धारक किसी भ्रम या जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रहें। जब पात्र ग्रामीणों की पहचान से लेकर ई-केवाईसी और स्वामित्व अधिकार से संबंधित सभी कार्यवाहियां व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूरी हों।

गौशाला को बनाया सामान रखने का गोदाम, ग्रामीणों का आरोप

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

सरकारी गौशालाओं की बदहाली के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को जिला मुख्यालय से करीब 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पहाड़ी खुर्द की सरकारी गौशाला बंद मिली। इसे 38 लाख रुपये की लागत से बनाया गया था, लेकिन इसमें एक भी गौवंश नहीं है। पूरी इमारत को एक निर्माण कंपनी के सामान का गोदाम बना दिया गया है। इस वजह से बेसहारा मवेशी सड़कों पर भटकने और हादसों का शिकार होने को मजबूर हैं।

दरअसल पहाड़ी खुर्द में केंद्र सरकार का उपक्रम एलिम्को लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से नया सहायक उत्पादन केंद्र बना रहा है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में जुटी कंपनी ने अपनी सामग्री गौशाला के अंदर रख दी है। जिस इमारत को गौवंश के संरक्षण के लिए बनाया गया था, वह अब पूरी तरह एक कमर्शियल स्टोर हाउस बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी सरकारी मंजूरी के 38 लाख रुपये की सरकारी संपत्ति का निजी इस्तेमाल नियमों का सीधा उल्लंघन है।इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के बयान अलग-अलग हैं।

सरपंच जितेंद्र प्रजापति का कहना है कि गौशाला में टीन शेड नहीं था। इसलिए दो साल के लिए बिना किराए के कंपनी को जगह दी गई है, ताकि वे टीन शेड लगवा दें।वहीं, पंचायत सचिव धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें एक महीने पहले ही चार्ज मिला है।उन्हें गौशाला में सामान रखे जाने की कोई जानकारी नहीं है। वे मौके पर जाकर सामान को तुरंत खाली करवाएंगे।

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ का कहना है कि सरकारी गौशाला का गोदाम के रूप में इस्तेमाल करना पूरी तरह गलत और नियम विरुद्ध है। गौशाला का तुरंत निरीक्षण करवाया जाएगा। जांच के बाद सरकारी संपत्ति का अनाधिकृत रूप से उपयोग करने वाले दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नपा अमले के साथ विधायक ने किया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के वार्ड क्रमांक 15 मदार छल्ला स्थित महावीर टॉकीज के बगल वाली गली में नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण कार्य के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुआ। पिछले करीब 5 महीनों से रुके हुए निर्माण कार्य अब नगर पालिका अध्यक्ष जनाब अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक एवं कांग्रेस साथियों के प्रयासों से पुन: प्रारंभ हुआ है।

यह सिर्फ एक गली का काम नहीं, बल्कि शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम है। नगर के वार्ड नो 15 में लगभग 38 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा।

इस अवसर पर टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला,नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक,सूर्य प्रकाश मिश्रा, सदर अब्दुल रज्जाक , वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद एवं ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद, पार्षद सुरेंद्र सोनी, जसवंत वाल्मीकि,अशोक अहिरवार, अरविंद रजक, रामकुमार यादव, सनी सोनी, राजीव जैन,नीतेश बिलगैयाँ एवं नासिर खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

पारंपरिक खेलों का समापन समारोह

सिलवानी. विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल के मार्गदर्शन में स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर प्रतापगढ़ में पारंपरिक खेलों के आयोजन का समापन समारोह संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान में विलुप्त होते जा रहे प्राचीन एवं पारंपरिक खेलों को नई पीढ़ी से जोड़ते हुए उन्हें जीवंत बनाए रखना रहा. विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा इसी उद्देश्य से संपूर्ण प्रांत में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है.

पलेरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल की कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज, पलेरा।

पलेरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला शनिवार को स्थानीय गणेश मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना और उनकी जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुँचाना था।

कार्यशाला की शुरुआत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई सेवा और समर्पण पर केंद्रित होंगे कार्यक्रम बैठक में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिगया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन देश के लिए समर्पित है।उनके जन्म दिवस को सेवा और संकल्प के रूप में मनाया जाएगा इसके तहत पलेरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, और गरीबों की सेवा से जुड़े अनेक सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ स्तर पर जाकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हितग्राही को शासन ने दी सहायता की राशि

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत जिला में एक हितग्राही को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील दिगौड़ा अंतर्गत ग्राम खरोई निवासी जयकुंवर पत्नी दुर्जन अहिरवार को योजना के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रकरण में कृषि कार्य करते समय बिजली का करंट लगने के कारण दुर्जन अहिरवार की मृत्यु होना उल्लेखित है।

पोर्टल के माध्यम से क्विज में सहभागिता

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के अंतर्गत विकसित भारत क्विज का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 29 वर्ष के पात्र युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से क्विज में सहभागिता कर सकते हैं।

22 भाषाओं में आयोजित क्विज में भारत की विरासत, उपलब्धियों, विकास यात्रा एवं विकसित भारत /2047 से जुड़े विषयों पर प्रश्न होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। क्विज में सहभागिता के लिए माय भारत पोर्टल पर जाएं। जिले के युवाओं से आग्रह है कि वे अधिकाधिक संख्या में सहभागिता कर अपने ज्ञान और प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाएं तथा विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के अंतर्गत विकसित भारत क्विज का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 29 वर्ष के पात्र युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से क्विज में सहभागिता कर सकते हैं।

शिक्षकों की सूची जारी

निवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत बीएसी एवं जनशिक्षक के पदों पर प्रतिनियुक्ति के स्थान पर सेवाएं लिए जाने हेतु 5 अगस्त को काउंसलिंग के माध्यम से चयनित शिक्षकों की सूची जारी की गई है।

सूची के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति है, तो वह अपना दावा सप्रमाण 3 सितंबर तक कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट 2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

समिति द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 अप्रैल 2027 को किया जाएगा।

प्रवेश संबंधित जवाहर नवोदय विद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर होगा। कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

सूने मकान देख चोर ने दी चोरी की घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के कुंवरपुरा रोड स्थित शिव नगर कॉलोनी के समीप एक नए आवास में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और निर्माण सामग्री के साथ दुकान में रखे चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित दीपक ताम्रकार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ताम्रकार का कुंडेश्वर रोड पर रिपटा के पास नवीन आवास बना हुआ है। मकान के आगे के हिस्से में दो दुकानें संचालित होती हैं। इनमें एक दुकान शिव शक्ति बैग हाउस के नाम से संचालित है, जबकि दूसरी दुकान मकान के मुख्य दरवाजे के पास स्थित है। पीड़ित के मुताबिक 12 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे जब वह अपने नवीन आवास के ऊपरी हिस्से में पहुंचा, तो मकान के बाहर लगा ताला टूटा हुआ मिला। दरवाजे खुले हुए थे। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर चोरी की वारदात सामने आई।

कर जमा करने की अपील

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है।

अत: जीएसटी से पंजीकृत, अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, मदिरा दुकान संचालक, चिटफ ण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, केबल ऑपरेटर,जिससे शास्ति एवं वसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।

नाराज रोजगार सहायकों ने कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जनपद पंचायत टीकमगढ़ के ग्राम रोजगार सहायकों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर बिना सूचना वेतन काटे जाने और दंडित किए जाने की कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। रोजगार सहायकों ने मामले में हस्तक्षेप कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है।

ज्ञापन में ग्राम रोजगार सहायकों ने बताया कि वे जनपद पंचायत टीकमगढ़ की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। उनका आरोप है कि कई बार बिना किसी कारण बताए उनके वेतन में कटौती की जा रही है। रोजगार सहायकों का कहना है कि यदि किसी कारणवश कोई कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसे सूचित किए बिना पांच दिनों का वेतन काट दिया जाता है। जिसके कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। ज्ञापन के माध्यम से रोजगार सहायकों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मांग की है कि बिना सूचना वेतन कटौती की कार्रवाई की जांच कराई जाए और भविष्य में ऐसी कार्रवाई से पहले संबंधित कर्मचारी को उचित सूचना दी जाए। समस्या का जल्द निराकरण कराने की मांग की है।

घायल गौ-माता का समाजसेवियों ने किया उपचार

नवभारत न्यूज

पलेरा। पलेरा में महाविद्यालय के पास रात्रि करीब 11.00 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोमाता गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद तड़प रही गोमाता की मदद के लिए स्थानीय समाजसेवी और गोसेवक तुरंत आगे आए और मिसाल पेश की।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पहला गोधन समग्र शिक्षा जन कल्याण समिति और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। गोसेवकों ने बिना देरी किए घायल गोमाता का प्राथमिक और निरंतर इलाज शुरू करवाया।

गोमाता की देखभाल रहने तथा खाने-पीने चारे व पानी की समुचित व्यवस्था में राशिद खान साहब सहित अन्य स्थानीय पशु प्रेमी पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। सभी लोग मिलकर गोमाता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दिन-रात सेवा में लगे हैं। पशु प्रेमियों और गोसेवकों के इस निस्वार्थ कार्य की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

मिट्टी से बनाई भगवान गणेश की प्रतिमा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी माटी गणेशदृसिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत लोगों को मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसीक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद टीकमगढ़ द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ के सभा कक्ष में माटी गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती द्रोपती प्रजापति ने प्रोफेसर्स, छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों को मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान प्रोफेसर सोमित बनर्जी, आस्था द्विवेदी, परामर्शदाता, नवांकुर संस्था प्रमुख एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने भी मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की कला सीखी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने माटी गणेशदृसिद्ध गणेश अभियान के संबंध में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बाजार से प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश प्रतिमाएं खरीदने के बजाय अपने घर में स्वयं मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाएं और प्राकृतिक रंगों से उसे सजाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रंगों एवं मिट्टी की प्रतिमा का उपयोग करने से जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि घर में माटी गणेश बैठाएंगे, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएंगे। अभियान का उद्देश्य केवल मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण करना नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज में 'हर-घर गणेश, घर-घर गणेश' की भावना को मजबूत करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना है।

कार्यालय सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित प्रधान कार्यालय टीकमगढ़ (म.प्र.)

RBI LICENCE NO. UBD.MP 1234P DATE 23-04-1996

दूरभाष क्रं. 07683244384, 299125 ईमेल-ssnho@ssns.bank.in

वेबसाईट-WWW.SSNSBANK.IN

निविदा आमंत्रण सूचना

प्र.का.पत्र क्र./227 दिनांक 11/09/2026

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, टीकमगढ़ द्वारा अपने नवीन बैंक भवन के निर्माण कार्य के लिए योग्य, अनुभवी एवं सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों/निर्माण एजेंसियों से तीन-लिफाफा पद्धति (Three Bid System) के अंतर्गत सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का संक्षिप्त विवरण :-

1. कार्य का नाम - सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित प्रधान कार्यालय टीकमगढ़ (म.प्र.) के नवीन बैंक भवन का निर्माण कार्य
2. निर्माण कार्य का स्थल - वार्ड नं. 05 नगर भवन रोड़, पपौरा चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.)
3. अनुमानित लागत - 1,46,70,000/- रु.
4. कार्य की अवधि - 12 माह (वर्षा काल सहित)

निविदा पद्धति :-

1. लिफाफा क्रमांक - A (टेक्निकल बिड) : निविदाकार की पात्रता से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न होंगे, जिसमें MPPWD पंजीयन प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. फर्म पंजीयन, फर्म पैन कार्ड, शपथ-पत्र आदि सम्मिलित रहेंगे। Payment of cost of Bid Document- 5000-/ Rs.
2. लिफाफा क्रमांक - B : समान प्रकृति के कार्यों की अनुभव की छायाप्रति (कार्य आदेश), वित्तीय क्षमता (Last Three Annual Turnover) तकनीकी योग्यता आदि सम्मिलित रहेंगे। (CA Certificate)
3. लिफाफा क्रमांक - C : (फाईनेंशियल बिड) : इसमें केवल वित्तीय दर-प्रस्ताव संलग्न किया जाएगा। फाइनेंशियल बिड केवल उन्हीं निविदाकारों की खोली जाएगी, जिनकी टेक्निकल बिड बैंक द्वारा योग्य पाई जाएगी। (Tender Document Fomate में)

निविदा शुल्क एवं अमानत राशि :-

1. टेंडर फीस 5,000/- (अप्रतिदेय) Non-Refundable नगद/डी.डी. द्वारा
2. ई.एम.डी. (Earnest Money Deposit) 2,93,400/-रू. (डिमांड ड्राफ्ट/एफ.डी. के रूप में, सरदार सिंह नागरिक सरकारी बैंक मर्यादित, टीकमगढ़ के पक्ष में देय)
3. यदि निविदा राशि के 15 प्रतिशत से अधिक Below राशि/दर प्रस्तुत की जाती है तो अंतर राशि की EMD देना अनिवार्य रहेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां :-

1. निविदा आवेदन पत्र विक्रय प्रारंभ दिनांक - 15.09.2026
2. निविदा आवेदन पत्र विक्रय समाप्ति दिनांक - 30.09.2026
3. निवदिा जमा करने की अंतिथि व समय - 01.10.2026, समय 05:00 PM तक
4. टेक्निकल बिड खोलने की तिथ व समय - 03.10.2026 11:30 AM
5. फाइनेंशियल बिड खोलने की तिथि व समय - 06.10.2026 11:30 AM
6. निविदा दस्तावेज, विस्तृत शर्तें एवं नियम, तकनीकी विवरण, ड्रॉइंग/अनुमान आदि बैंक कार्यालय से कार्य दिवसों में कार्यालय समस पर अवलोकन किए जा सकते हैं।
7. बैंक प्रबंधन को यह पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकार या निरस्त कर सकते हैं इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
8. निविदा जमा करने का पता मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्या. विश्वनाथ चौराहा टीकमगढ़ (म.प्र.)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
सरदार सिंह नागरिक सहकारी
बैंक मर्या. टीकमगढ़ (म.प्र.)

पुलिस में शिकायत घटना का वीडियो भी हुआ वायरल

मामौन दरवाजा पूर्व पार्षद की महिलाओं ने की पिटाई, लगाया छेड़छाड का आरोप

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मामौन दरवाजा मोहल्ले में शनिवार को हंगामा हुआ। यहां मोहल्ले की महिलाओं ने पूर्व पार्षद घनश्याम कुशवाहा की पिटाई कर दी।आनंद ने यह भी बताया कि मारपीट का वीडियो अंकित के परिवार वालों ने ही बनाया है। उनके चाचा पर छेड़खानी के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर वे शनिवार को फिर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं।

महिलाओं ने घनश्याम कुशवाहा पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। इसी बात पर उन्होंने उसे घेरकर पीटा। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली थाना पुलिस सक्रिय हुई है।पुलिस ने बताया कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई होगी। घनश्याम कुशवाहा वार्ड नंबर 27 से दो बार निर्दलीय पार्षद रह चुके हैं। वह अभी कांग्रेस के कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। पूर्व पार्षद घनश्याम कुशवाहा के भतीजे आनंद ने घटना को लेकर अलग बात बताई है। आनंद के मुताबिक, उनके चाचा का बेटा हरिशंकर कुशवाहा 22 अगस्त से लापता है।

हरिशंकर ने मोहल्ले के अंकित कुशवाहा से पैसे उधार लिए थे। अंकित के बार-बार पैसे मांगने पर वह 22 अगस्त से गायब हो गया।आनंद ने बताया कि दो दिन पहले चाचा घनश्याम कुशवाहा ने कोतवाली थाने में अंकित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने इस पर एफआईआर भी दर्ज की है। आनंद का आरोप है कि शनिवार को अंकित के परिजनों ने चाचा घनश्याम को अपने घर बुलाया। इसी दौरान उनके घर की महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। आनंद ने यह भी बताया कि मारपीट का वीडियो अंकित के परिवार वालों ने ही बनाया है। उनके चाचा पर छेड़खानी के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

पुलिस ने किया मामला दर्ज

पुलिस ने इस पर एफआईआर भी दर्ज की है। आनंद का आरोप है कि शनिवार को अंकित के परिजनों ने चाचा घनश्याम को अपने घर बुलाया। इसी दौरान उनके घर की महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। आनंद ने यह भी बताया कि मारपीट का वीडियो अंकित के परिवार वालों ने ही बनाया है। उनके चाचा पर छेड़खानी के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर वे शनिवार को फिर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं।